भारत गणराज्य सरकार
तथा
स्विस संघीय परिषद्
के बीच
विमान सेवा करार

यह विचार करते हुए कि भारत गणराज्य और स्विस कनफेड्रेशन 7 दिसम्बर, 1944 को शिकागो में हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत किये गये अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन अभिसमय के संबोधित पक्ष हैं,

जो विमान परिवहन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग विकसित करने की इच्छा रखते हैं, और

जो आगे अनुसूचित विमान सेवाएं प्रचालित करने के लिए आवश्यक आधार बनाने की इच्छा रखते हैं ,

स्विस फेडरल परिषद् और भारत गणराज्य सरकार, जिन्हें एतद्पश्चात् "संविदाकारी पक्ष" कहा गया है,

निम्नलिखित के संबंध में सहमत हुए हैं :-

अनुच्छेद-1
परिभाषा

1. वर्तमान करार के प्रयोजन के लिए जहां पाठ में अन्यथा अपेक्षा नहीं की गई हो :-

(क) "अभिसमय" पद से अभिप्राय 7 दिसम्बर, 1944 को शिकागो में हस्ताक्षरार्थ प्रस्तुत अंतरराष्टीय नागर विमानन संबंधी अभिसमय से है और इसमें उक्त अभिसमय के अनुच्छेद 90 के अंतर्गत स्वीकृत कोई भी अनुबंध तथा उक्त अभिसमय के अनुच्देद 90 और 94 के अंतर्गत उक्त अभिसमय अथवा अनुबंधों में

किया गया कोई भी संशोधन शामिल है जहां तक वे अनुबंध तथा संशोधन दोनों संविदाकारी पक्षों के लिए प्रभावी हो गये हों अथवा उनके द्वारा स्वीकार कर लिए गये हों,

(ख) "वैमानिकी प्राधिकारी" पद से अभिप्राय,भारत के मामले में, नागर विमानन महानिदेशक तथा स्विटजरलैंड के मामले में, नागर विमानन के लिए फेडरल कार्यालय तथा दोनों मामलों में, कोई व्यक्ति अथवा निकाय, जिसे उक्त प्राधिकारियों द्वारा इस समय किये जा रहे कार्यों के निष्पादन के लिए प्राधिकृत किया गया हो,

(ग) "नामित विमानकंपनी" पद का अभिप्राय, ऐसी विमानकंपनी से है जिसे वर्तमान करार के अनुच्छेद 3 के अनुसार प्रत्येक संविदाकारी पक्ष द्वारा सहमत विमान सेवाओं के प्रचालन के लिए नामित किया गया हो,

(घ) "राज्य क्षेत्र", "विमान सेवा", "अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा" और "गैर-यातायात प्रयोजनों के लिए रूकना" पदों का आशय वही है जिसका उल्लेख अभिसमय के अनुच्छेद 2 और 96 में इनके लिए किया गया है,

(ड.) "टैरिफ" पद का अभिप्राय यात्रियों, सामान और कार्गो के वहन के लिए अदा की जाने वाली कीमतों तथा उन शर्तों से है जिनके अंतर्गत ये कीमतें लागू होती हैं। उक्त कीमतों में एजेंसी अथवा परिवहन दस्तावेज की बिक्री के लिए दिया जाने वाला कमीशन प्रभार तथा अन्य अतिरिक्त पारिश्रमिक भी शामिल है किंतु इसमें डाक के वहन के लिए अदा किया जाने वाला पारिश्रमिक और शर्तें शामिल नहीं हैं।

2. इस करार का अनुबंध इस करार का अभिन्न भाग होगा। जब तक स्पष्ट रूप से अन्यथा सहमति न की गई हो, इस करार के सभी संदर्भों में अनुबंध भी शामिल होगा।

अनुच्छेद-2
अधिकारों की मंजूरी

1. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष दूसरे संविदाकारी पक्ष को अनुबंध की अनुसूची में विनिर्दिष्ट मार्गों

पर विमान सेवाएं प्रचालित करने के प्रयोजन हेतु वर्तमान करार में विनिर्दिष्ट अधिकार मंजूर करता है। ऐसी सेवाओं और मार्गों को एतद्पश्चात् क्रमशः "सहमत सेवाएं" तथा "विनिर्दिष्ट मार्ग" कहा गया है।

2. इस करार के उपबंधों के अध्यधीन, प्रत्येक संविदाकारी पक्ष द्वारा नामित विमानकंपनी को निम्नलिखित अधिकार प्राप्त होंगे:-

(क) बिना अवतरण के दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र के पार उड़ान भरना,

(ख) गैर-यातायात प्रयोजनों के लिए दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में रूकना,

(ग) किसी विनिर्दिष्ट मार्ग पर सहमत सेवा प्रचालित करते समय:-

- दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में इस करार के अनुबंध में विनिर्दिष्ट स्थलों पर उस विमानकंपनी को नामित करने वाले संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में स्थित स्थलों को जाने वाले अथवा वहां से आने वाले यात्रियों, सामान, कार्गो और डाक को विमान में चढ़ाने और विमान से उतारने का अधिकार,

- तीसरे देशों के राज्यक्षेत्र में इस करार के अनुबंध में विनिर्दिष्ट स्थलों पर दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में स्थित और इस करार के अनुबंध में विनिर्दिष्ट स्थलों को जाने वाले अथवा वहां से आने वाले यात्रियों, सामान, कार्गो और डाक को विमान में चढ़ाने और विमान से उतारने का अधिकार।

3. इस अनुच्छेद की किसी भी बात का अर्थ यह नहीं समझा जाएगा कि एक संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी को दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में उस दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में स्थित अन्य स्थल को जाने वाले यात्रियों, सामान, कार्गो और डाक को विमान में चढ़ाने का विशेषाधिकार मिल गया है।

अनुच्छेद-3

विमानकंपनियों को नामित करना और उन्हें प्राधिकृत करना

1. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष को सहमत सेवाएं प्रचालित करने के प्रयोजन से दो तक

विमानकंपनियां नामित करने का अधिकार होगा। ऐसा नामन दोनों संविदाकारी पक्षों के वैमानिकी प्राधिकारियों के बीच लिखित अधिसूचना से प्रभावी होगा।

2. जिन वैमानिकी प्राधिकारियों को नामन की अधिसूचना प्राप्त हो चुकी हो वे इस अनुच्छेद के पैराग्राफ 3 और 4 के उपबंधों के अध्यधीन दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी को बिना विलंब के आवश्यक प्रचालन प्राधिकार मंजूर करेंगे।

3. एक संविदाकारी पक्ष के वैमानिकी प्राधिकारी दूसरे संविदाकारी पक्ष द्वारा नामित विमानकंपनी से यह अपेक्षा कर सकते हैं कि वह यह सिद्ध करे कि वह उन कानूनों और विनियमों के अधीन विहित शर्तों को पूरा करने के योग्य हैं जो उक्त प्राधिकारियों द्वारा अभिसमय के उपबंधों के अनुरूप सामान्यतः अंतरराष्ट्रीय विमान सेवाओं के प्रचालन के संबंध में लागू की जाती हैं।

4. जब कभी कोई भी संविदाकारी पक्ष इस बात से आश्वस्त न हो कि उस विमानकंपनी का वास्तविक स्वामित्व और प्रभावी नियंत्रण उसे नामित करने वाले संविदाकारी पक्ष अथवा उसके राष्ट्रिकों में निहित है, प्रत्येक संविदाकारी पक्ष को इस अनुच्छेद के पैराग्राफ 2 में उल्लिखित प्रचालन प्राधिकार मंजूर करने से मना करने अथवा इस करार के अनुच्छेद 2 में निर्दिष्ट अधिकारों के प्रयोग पर ऐसी शर्तें लगाने का अधिकार होगा जिन्हें वह आवश्यक समझे।

5. इस अनुच्छेद के पैराग्राफ 2 के अंतर्गत उपबंधित प्रचालन प्राधिकार प्राप्त होने पर नामित विमानकंपनी किसी भी समय सहमत सेवाओं का प्रचालन शुरू कर सकती है बशर्ते इस करार के अनुच्छेद 13 के उपबंधों के अनुसार टैरिफ स्थापित हो गए हों तथा अनुच्छेद 14 के अनुरूप समय सारणियां अनुमोदित हो गई हों।

अनुच्छेद-4
प्रचालन प्राधिकार का प्रतिसंहरण और निलंबन

1. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष को निम्नलिखित स्थितियों में दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी द्वारा इस करार के अनुच्छेद 2 में निर्दिष्ट अधिकारों के प्रयोग के लिए प्रचालन प्राधिकार को प्रतिसंहृत अथवा निलंबित करने का अथवा इन अधिकारों के प्रयोग पर ऐसी शर्तें लगाने का अधिकार होगा जो वह आवश्यक समझे।

(क) यदि उक्त विमानकंपनी यह सिद्ध न कर सके कि उसका वास्तविक स्वामित्व और प्रभावी नियंत्रण उसे नामित करने वाले संविदाकारी पक्ष अथवा उसके राष्ट्रिकों में निहित है, अथवा

(ख) यदि उक्त विमानकंपनी इन अधिकारों को मंजूर करने वाले संविदाकारी पक्ष के कानूनों और विनियमों का अनुपालन करने में विफल रहती है अथवा उसने गम्भीरता से उनका अतिलंघन किया हो, अथवा

(ग) यदि उक्त विमानकंपनी उस करार में विहित शर्तों के अनुसार सहमत सेवाओं का प्रचालन करने में विफल रहती है।

2. जब तक इसके कानूनों और विनियमों अथवा इस करार के उपबंधों के और आगे अतिलंघन को रोकने के लिए तत्काल प्रतिसंहरण, निलंबन अथवा इस अनुच्छेद के पैराग्राफ 1 में दी गई शर्तों का लगाना आवश्यक न हो, ऐसे अधिकार का प्रयोग दूसरे संविदाकारी पक्ष से परामर्श करके ही किया जाएगा।

अनुच्छेद-5
अधिकारों का प्रयोग

1. नामित विमानकंपनियों को संविदाकारी पक्षों के राज्यक्षेत्रों के बीच सहमत सेवाएं प्रचालित करने के लिए निष्पक्ष और समान अवसर प्राप्त होंगे।

2. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी के हितों का इस प्रकार से ध्यान रखेगी कि उन्हीं मार्गों पर अथवा उनके भाग पर प्रचालित दूसरी विमानकंपनी की सहमत सेवाओं पर अनुचित रूप से प्रभाव न पड़े।

3. संविदाकारी पक्षों की नामित विमानकंपनियों द्वारा उपलब्ध कराई गई सहमत सेवाओं का निर्दिष्ट मार्गों पर लोक परिवहन की अपेक्षाओं के साथ नजदीकी संबंध होगा तथा दोनों संविदाकारी पक्षों के राज्क्षेत्रों के बीच उचित भार गुणक पर यात्रियों, सामान और डाक सहित कार्गो के वहन के लिए चालू और उचित रूप से प्रत्याशित अपेक्षाओं के वहन के लिए पर्याप्त क्षमता का प्रावधान करना उनका प्राथमिक उद्देश्य होगा।

सत्यमेव जयते

4• विमानकंपनी को नामित करने वाले राज्य के अलावा अन्य किसी राज्य के राज्यक्षेत्र में विनिर्दिष्ट मार्गों पर आने वाले स्थलों से विमान में लिए गए और उन स्थलों पर उतारे गए, दोनों ही प्रकार के यात्रियों, सामान और डाक सहित कार्गो के वहन का प्रावधान इन सामान्य सिद्धांतों के अनुसार किया जाएगा कि क्षमता का संबंध निम्नलिखित से होगाः-

§क§ विमानकंपनी को नामित करने वाले संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र को और वहां से यातायात अपेक्षाएं,

§ख§ किसी क्षेत्र में आने वाले राज्यों की विमानकंपनियों द्वारा स्थापित अन्य परिवहन सेवाओं पर विचार करने के बाद उस क्षेत्र की यातायात अपेक्षाएं जिसमें होकर सहमत सेवा गुजरती है, और

§ग§ सीधे विमानकंपनी प्रचालन की अपेक्षाएं ।

5• उक्त सामान्य सिद्धांतों के आधार पर प्रत्येक संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली क्षमता और प्रचालित की जाने वाली सेवाओं की आवृत्ति तथा इनमें की गई किसी भी वृद्धि के बारे में दोनों संविदाकारी पक्षों के वैमानिकी प्राधिकारियों के बीच सहमति की जाएगी।

अनुच्छेद-6
कानूनों और विनियमों का अनुप्रयोग

1• एक संविदाकारी पक्ष के ऐसे कानून और विनियम जो अंतरराष्ट्रीय हवाई दिक्चालन में रत विमानों के उसके राज्यक्षेत्र में प्रवेश और वहां से प्रस्थान अथवा उस राज्यक्षेत्र के ऊपर ऐसे विमानों की उड़ानों को शासित करते हैं, दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी पर लागू होंगे।

2• एक संविदाकारी पक्ष के ऐसे कानून और विनियम जो यात्रियों, कर्मीदल, सामान, कार्गो अथवा डाक के इसके राज्यक्षेत्र में प्रवेश, वहां ठहराव और वहां से प्रस्थान को शासित करते हैं जैसे कि प्रवेश, निकास, उत्प्रवासन और आप्रवासन के साथ-साथ सीमा-शुल्क और सफाई उपायों से संबंधित औपचारिकताएं दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी के विमानों द्वारा वाहित यात्रियों, कर्मीदल, सामान, कार्गो अथवा डाक पर, जब वे उक्त राज्यक्षेत्र में हों, लागू होंगे।

3. कोई भी संविदाकारी पक्ष इस अनुच्छेद में उपबंधित कानूनों और विनियमों के अनुप्रयोग में दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी के संबंध में अपनी स्वयं की विमानकंपनी को कोई वरीयता नहीं देगा।

अनुच्छेद-7
विमानन सुरक्षा

1. अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत अपने अधिकारों और दायित्वों के अनुरूप, संविदाकारी पक्ष पुनः इस बात की अभिपुष्टि करते हैं कि गैर-कानूनी हस्तक्षेप की कार्रवाई के विरूद्ध नागर विमानन सुरक्षा का बचाव करने के बारे में एक दूसरे के प्रति उनका दायित्व इस करार का अभिन्न अंग है। अंतरराष्ट्रीय कानून के अंतर्गत अपने अधिकारों तथा दायित्वों की व्यापकता को सीमित किये बिना, संविदाकारी पक्ष, विशेष रूप से, 14 सितम्बर, 1963 को टोक्यो में हस्ताक्षरित, विमान में किये गये अपराधों एवं कतिपय अन्य कृत्यों से संबंधित अभिसमय, 16 दिसम्बर, 1970 को हेग में हस्ताक्षरित, वायुयान के विधिविरूद्ध अभिग्रहण के दमन संबंधी अभिसमय, 23 सितम्बर, 1971 को मॉट्रियल में हस्ताक्षरित सिविल विमानन सुरक्षा विधिविरूद्ध कार्य दमन अभिसमय,24 फरवरी, 1988 को मॉट्रियल में अंतरराष्ट्रीय सिविल विमानन सेवारत विमानपत्तनों पर हिंसा संबंधी विधिविरूद्ध कार्य दमन हेतु इसके पूरक प्रोटोकॉल के साथ-साथ नागर विमानन सुरक्षा से संबंधित किसी अन्य अभिसमय और प्रोटोकॉल के, जिन्हें दोनों संविदाकारी पक्ष मान रहे हों, के प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई करेंगे।

2. अनुरोध किये जाने पर संविदाकारी पक्ष गैर-कानूनी रूप से सिविल विमानों के विधिविरूद्ध अभिग्रहण संबंधी कृत्यों और ऐसे विमानों, उनके यात्रियों तथा कर्मीदल, हवाई अड्डों और हवाई दिक्चालन सुविधाओं की सुरक्षा के विरूद्ध गैर-कानूनी अन्य कृत्यों तथा नागर विमानन की सुरक्षा के विरूद्ध किसी अन्य खतरे से बचाव के लिए एक दूसरे को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

3. दोनों पक्ष, अपने परस्पर संबंधों में, अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन द्वारा स्थापित और अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन अभिसमय के अनुबंधों के रूप में नामित विमानन सुरक्षा उपबंधों के अनुरूप उस सीमा तक कार्य करेंगे जहां तक ये अनुबंध इन संविदाकारी पक्षों पर लागू होते हैं। वे अपने पंजीकृत विमान प्रचालकों या ऐसे विमान के प्रचालकों जिनके व्यवसाय का प्रमुख स्थान अथवा स्थाई निवास उनके राज्यक्षेत्र में है तथा उसके क्षेत्र में हवाई अड्डों के प्रचालकों से यह अपेक्षा करेंगे कि वह इन विमानन सुरक्षा उपबंधों के अनुरूप कार्य करेंगे।

4. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष इस बात से सहमत हैं कि ऐसे विमान प्रचालकों से, दूसरे संविदाकारी पक्ष द्वारा अपेक्षित उस संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में प्रवेश करते समय, वहां से प्रस्थान करते समय या उसमें रहते समय ऊपर पैराग्राफ §3§ में उल्लिखित विमानन सुरक्षा उपबंधों का पालन करने की अपेक्षा की जा सकती है। प्रत्येक संविदाकारी पक्ष यह सुनिश्चित करेगा कि उसके राज्यक्षेत्र में विमान की सुरक्षा करने तथा यात्रियों, कर्मीदल, ले जाई जाने वाली वस्तुओं, सामान, कार्गो तथा विमान भंडार विमान में लादने से पहले या उसके दौरान उसकी जांच करने के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। प्रत्येक संविदाकारी पक्ष किसी विशेष खतरे का मुकाबला करने हेतु उचित विशेष सुरक्षा उपाय करने के लिए दूसरे संविदाकारी पक्ष द्वारा किये गये अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार भी करेगा।

5. जब किसी सिविल विमान के गैर-कानूनी अभिग्रहण का खतरा या इस प्रकार के खतरे की घटना घटती है या किसी ऐसे विमान, उसके यात्रियों और कर्मीदल, हवाई अड्डों या हवाई दिक्चालन सुविधाओं की सुरक्षा के विरूद्ध कोई गैर-कानूनी कार्य किया जाता है तो संविदाकारी पक्ष, इस प्रकार की घटनाओं अथवा उनके खतरे को तुरन्त समाप्त करने के लिए संचार सुविधाएं प्रदान करके तथा अन्य उपयुक्त उपाय करके एक दूसरे की सहायता करेंगे।

6. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष ऐसे उपाय करेगा, जैसे कि वह व्यवहार्य समझे, और ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि यदि कोई विमान गैर-कानूनी अभिग्रहण अथवा किसी अन्य गैर-कानूनी हस्तक्षेप के कारण उसके राज्यक्षेत्र में उतरा है, भूमि पर रोका जाएगा बशर्ते कि मानव जीवन की रक्षा के लिए इसका वहां से भेजा जाना अनिवार्य न हो। जहां कहीं भी व्यवहार्य होगा, इस प्रकार के उपाय आपसी विचार-विमर्श के आधार पर किए जाएंगे।

अनुच्छेद-8
प्रमाण-पत्रों तथा लाइसेंसों की मान्यता

1. दोनों में से एक संविदाकारी पक्ष द्वारा जारी किए गए अथवा वैध ठहराए गए उड़नयोग्यता प्रमाण-पत्र, सक्षमता प्रमाण-पत्र अथवा लाइसेंस उनकी वैधता अवधि के दौरान दूसरे संविदाकारी पक्ष द्वारा वैध माने जाएंगे बशर्ते कि इस संबंध में अभिसमय में निर्धारित न्यूनतम मानक पूरे किए गए हों।

2. तथापि, प्रत्येक संविदाकारी पक्ष को उसके अपने राज्यक्षेत्र में उड़ानों के प्रयोजन के लिए

दूसरे संविदाकारी पक्ष अथवा किसी अन्य राज्य द्वारा इसके अपने राष्ट्रिकों को मंजूर किए गए अथवा वैध ठहराए गए सक्षमता प्रमाण-पत्रों और लाइसेंसों को वैध मानने से इंकार करने का अधिकार होगा।

अनुच्छेद-9
सीमा-शुल्क और अन्य प्रभार

1. किसी भी संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेवाओं पर प्रचालित विमानों के साथ-साथ ऐसे विमानों मे रखे गए नियमित उपस्कर, ईंधनों और स्नेहकों की आपूर्ति तथा विमान भण्डार (भोजन, पेय पदार्थ और तम्बाकू सहित) को दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र मे पहुंचने पर सभी सीमा-शुल्क, निरीक्षण शुल्क और अन्य ऐसे ही प्रभारों से छूट होगी बशर्ते कि ऐसे उपस्कर और आपूर्ति पुनर्निर्यात कर दिए जाने तक विमान में बने रहें।

2. सेवा से संबंधित प्रभारों के सिवाय इस प्रकार के सीमा-शुल्क, शुल्कों और प्रभारों से निम्नलिखित को भी छूट होगी :-

(क) किसी भी संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेवाओं पर प्रचालित बाहर जाने वाले विमान को आपूरित करने के लिए नियत ईंधन और स्नेहक, तब भी जब ये आपूर्तियां संविदाकारी पक्ष के उस राज्यक्षेत्र में की गई यात्रा में प्रयोग की जानी हों जिसमें ये विमान में ली गई हैं।

(ख) संविदाकारी पक्षों के राज्यक्षेत्र में उक्त संविदाकारी पक्ष के प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित सीमाओं में विमान में लिए गए तथा दूसरे संविदाकारी पक्ष की किसी अंतरराष्ट्रीय सेवा में रत बाहर जाने वाले विमान में प्रयोग के लिए प्राप्त किये गए विमान भण्डार।

(ग) दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेवाओं पर प्रयुक्त विमान के अनुरक्षण अथवा मरम्मत के लिए किसी भी संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में इस्तेमाल किए गए फालतू पुर्जे ।

3. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय सेवाएं प्रचालित करने वाले विमान पर रखे गए नियमित उपस्कर, ईंधन और स्नेहकों की आपूर्तियां, विमान भण्डार के साथ-

साथ ऐसे विमान पर रखे गए फालतू पुर्जे उस संविदाकारी पक्ष के सीमा-शुल्क प्राधिकारियों की अनुमति के बिना दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में नहीं उतारे जाएंगे। इस मामले में पुनर्निर्यात कर दिए जाने तक अथवा सीमा-शुल्क विनियमों के अनुसार किसी अन्य ढंग से इनका निपटान कर दिए जाने तक इन्हें सीमा-शुल्क विभाग के पर्यवेक्षण में रखा जाएगा।

4. ऊपर वर्णित पैराग्राफों के अनुसार सामान्यतया सीमा-शुल्क अथवा प्रभारों से छूट दिए जा रहे उपस्कर, भण्डार और अन्य सामग्री का दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में रहते समय उस संविदाकारी पक्ष के सीमा-शुल्क प्राधिकारियों से प्राधिकृत हुए बिना निपटान नहीं किया जाएगा।

5. इस अनुच्छेद में उपबंधित छूट उन स्थितियों में भी उपलब्ध होंगी जहां किसी भी संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी ने किसी अन्य विमानकंपनी अथवा कंपनियों के साथ दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में, इस अनुच्छेद के पैराग्राफ 1 और 2 में निर्दिष्ट मदों को उधार लेने अथवा उनके अंतरण की व्यवस्था की है बशर्ते कि यह अन्य विमानकंपनी अथवा कंपनियां भी ऐसी अन्य संविदाकारी पक्ष से इसी प्रकार की छूट प्राप्त कर रही हों।

अनुच्छेद-10
प्रयोक्ता प्रभार

1. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष यह सुनिश्चित करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करेगा कि दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी पर उसके सक्षम प्राधिकारियों द्वारा लगाए गए अथवा लगाए जाने के लिए अनुमत प्रयोक्ता प्रभार उचित हैं। वे ठोस आर्थिक सिद्धांतों पर आधारित होंगे।

2. विमानपत्तनों और हवाई दिक्चालन सुविधाओं के प्रयोग तथा एक संविदाकारी पक्ष द्वारा संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी को दी गई सेवाओं के लिए प्राप्त प्रभार अंतरराष्ट्रीय सेवाओं पर प्रचालनरत इसके राष्ट्रीय विमानों द्वारा अदा किए जाने वाले प्रभारों से अधिक नहीं होंगे।

3. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष अपने सक्षम प्रभार वसूलने वाले संगठनों और सेवाओं तथा सुविधाओं का लाभ उठाने वाली नामित विमानकंपनियों के बीच विचार-विमर्श को प्रोत्साहन देगा और जहां व्यवहार्य हो, ऐसा विमानकंपनियों के प्रतिनिधि संगठनों के माध्यम से किया जाएगा। प्रयोक्ता प्रभारों में परिवर्तन करने के किसी भी प्रस्ताव के लिए प्रयोक्ताओं को यथोचित नोटिस दिया जाना चाहिए ताकि कोई भी संशोधन किए जाने से पूर्व वे अपने विचार व्यक्त कर सकें।

अनुच्छेद-11
वाणिज्यिक क्रिया-कलाप

1. एक संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी को दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में पर्याप्त प्रतिनिधि रखने की अनुमति होगी। इन प्रतिनिधियों में वाणिज्यिक, प्रचालनात्मक और तकनीकी कर्मचारी होंगे जिनमें स्थानांतरित अथवा स्थानीय रूप से नियुक्त कार्मिक हो सकते हैं।

2. वाणिज्यिक क्रियाकलापों के लिए पारस्परिकता का सिद्धांत लागू होगा। प्रत्येक संविदाकारी पक्ष के सक्षम प्राधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे कि दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी के प्रतिनिधि उचित ढंग से अपने क्रियाकलापों को कर सकें।

3. विशेषकर, प्रत्येक संविदाकारी पक्ष दूसरे संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी को अपने राज्यक्षेत्र में सीधे अथवा विमानकंपनी की मर्जी पर उसके एजेंटों के माध्यम से, वायु परिवहन की बिक्री करने का अधिकार प्रदान करेगा। प्रत्येक विमानकंपनी को ऐसे परिवहन को उस राज्यक्षेत्र की मुद्रा में अथवा दूसरे देशों की उन्मुक्त परिवर्तनीय मुद्रा में बेचने का अधिकार होगा तथा कोई भी व्यक्ति ऐसे परिवहन को इन मुद्राओं में खरीदने को स्वतंत्र होगा।

अनुच्छेद-12
राजस्व का परिवर्तन तथा अंतरण

जिस संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र में राजस्व उपार्जित हुआ है उसके विदेशी मुद्रा विनियमों के अध्यधीन तथा उनके अनुसार प्रत्येक नामित विमानकंपनी को यात्रियों, सामान, कार्गो और डाक के वहन के नियत अनुपात में स्थानीय रूप से संवितरित धन से अधिक प्राप्त धन को सरकारी विनिमय दर पर परिवर्तित कराके अपने देश भेजने का अधिकार होगा। यदि दोनों संविदाकारी पक्षों के बीच भुगतान का विनियमन किसी विशेष करार से होता है तो यह विशेष करार लागू होगा।

अनुच्छेद-13
टैरिफ

1. इस करार के अंतर्गत आने वाली सेवाओं के लिए किसी संविदाकारी पक्ष की नामित विमानकंपनी द्वारा लागू किए जाने वाले टैरिफ समुचित स्तरों पर निर्धारित किए जाएंगे जिनमें प्रयोक्ताओं के हितों, प्रचालन लागत, सेवा की विशेषताओं, कमीशन की दरों, उचित लाभ, अन्य विमानकंपनियों के टैरिफ तथा बाजार में अन्य वाणिज्यिक पहलुओं सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखा जाएगा।

2. यदि संभव हो तो इस अनुच्छेद के पैराग्राफ 1 में उल्लिखित टैरिफ दोनों संविदाकारी पक्षों की नामित विमानकंपनियों द्वारा परस्पर सहमति से तथा उसी मार्ग पर अथवा उसके किसी भाग पर प्रचालन कर रही अन्य विमानकंपनियों के साथ परामर्श करने के बाद निर्धारित की जाएगी। जहां भी संभव होगा, नामित विमानकंपनियां इस मामले में प्रस्ताव बनाने वाले अंतरराष्ट्रीय निकाय द्वारा स्थापित दर निर्धारण प्रक्रिया से ऐसी सहमति बनाएंगी।

3. वैमानिकी प्राधिकारी, अनुचित रूप से विभेदकारी, अत्यधिक ज्यादा अथवा प्रतिबंधात्मक, कृत्रिम रूप से कम अथवा लूट-खसोट वाला प्रतीत होने के कारण आपत्तिजनक टैरिफों पर विशेष ध्यान देंगे।

4. टैरिफों के लागू होने की प्रस्तावित तारीख से कम से कम 14 दिन पूर्व दोनों संविदाकारी पक्षों के वैमानिकी प्राधिकारियों को ये टैरिफ प्रस्तुत किए जाएंगे। वैमानिकी प्राधिकारी उनके अपने राज्यक्षेत्र से शुरू होने वाली दोनों संविदाकारी पक्षों के राज्यक्षेत्रों के बीच इकतरफा अथवा आने-जाने की यात्रा के लिए प्रस्तुत किए गए टैरिफों को मंजूर अथवा नामंजूर कर सकते हैं। नामंजूर करने की स्थिति में वे यथा शीघ्र अथवा प्रस्तुतीकरण प्राप्त होने की तारीख से 14 दिन के अंदर दूसरे संविदाकारी पक्ष के वैमानिकी प्राधिकारियों को नामंजूरी का नोटिस देंगे।

5. दोनों में से कोई भी वैमानिकी प्राधिकारी दोनों संविदाकारी पक्षों के राज्यक्षेत्रों के बीच और दूसरे पक्ष के राज्यक्षेत्र से शुरू होने वाले वहन के लिए प्रस्तावित टैरिफों को शुरू करने से रोकने अथवा प्रभावी टैरिफों को जारी रखने से रोकने हेतु इकतरफा कार्रवाई नहीं करेगा।

6. उपर्युक्त पैराग्राफ 4 के बावजूद, जहां किसी भी संविदाकारी पक्ष के वैमानिकी प्राधिकारियों

को ऐसा विश्वास हो कि उनके राज्यक्षेत्र को वहन के लिए टैरिफ ऊपर पैराग्राफ 3 में वर्णित श्रेणियों के अंतर्गत आती है तो वे यथाशीघ्र अथवा उन्हें प्रस्तुतीकरण प्राप्त होने की तारीख से कम से कम 14 दिन के अंदर दूसरे संविदाकारी पक्ष के वैमानिकी प्राधिकारियों को नामंजूरी का नोटिस देंगे।

7. प्रत्येक संविदाकारी पक्ष के वैमानिकी प्राधिकारी नामंजूर किए गए किसी टैरिफ के संबंध में परामर्श करने का अनुरोध कर सकते हैं। ऐसा परामर्श अनुरोध प्राप्त होने के बाद अधिक से अधिक 30 दिन में कर लिया जाएगा। यदि संविदाकारी पक्षों में सहमति हो जाती है तो प्रत्येक संविदाकारी पक्ष उस सहमति को प्रभावी बनाने में अपनी ओर से सर्वोत्तम प्रयास करेगा। यदि कोई सहमति नहीं हो पाती है तो उस संविदाकारी पक्ष का निर्णय अभिभावी होगा जिसके राज्यक्षेत्र में वहन का उद्गम होता है।

8. संविदाकारी पक्षों के राज्यक्षेत्रों के बीच वहन के लिए वैमानिकी प्राधिकारी दूसरे संविदाकारी पक्ष को नामित विमानकंपनी को अनुमति देंगे कि वह उन्हीं शहरों के बीच किसी भी संविदाकारी पक्ष अथवा किसी तीसरे राज्य की विमानकंपनी द्वारा वर्तमान में लागू प्राधिकृत टैरिफ के बराबर टैरिफ तय कर लें।

अनुच्छेद-14
समय-सारणी प्रस्तुत करना

नामित विमानकंपनी सहमत सेवाओं के प्रचालन से कम से कम 30 दिन पूर्व परिकल्पित समय-सारणी को अनुमोदन हेतु दूसरे संविदाकारी पक्ष के वैमानिकी प्राधिकारियों को प्रस्तुत करेगी। इसके आशोधन के लिए भी यही प्रक्रिया लागू होगी।

अनुच्छेद-15
आंकड़े उपलब्ध कराना

1. दोनों संविदाकारी पक्षों की नामित विमानकंपनियां अनुरोध किए जाने पर संबंधित वैमानिकी प्राधिकारियों को आवधिक आंकड़े अथवा सहमत सेवाओं पर वाहित यातायात से संबंधित ऐसी ही अन्य सूचना उपलब्ध कराएंगी।

अनुच्छेद-16
परामर्श

दोनों में से कोई भी संविदाकारी पक्ष किसी भी समय इस करार के कार्यान्वयन, निर्वचन, अनुप्रयोग अथवा संशोधन के संबंध में परामर्श करने का अनुरोध कर सकता है। ऐसे परामर्श जो वैमानिकी प्राधिकारियों के बीच हो सकते हैं, दूसरे संविदाकारी पक्ष को लिखित अनुरोध प्राप्त होने की तारीख से साठ (60) दिन के अंदर शुरू होंगे बशर्ते कि संविदाकारी पक्षों में अन्यथा सहमति न हो जाए।

अनुच्छेद-17
आशोधन

1. इस करार के अनुच्छेद 16 के अनुसार परामर्श करने के बाद संविदाकारी पक्ष इस करार का आशोधन कर सकते हैं। ऐसा आशोधन तभी प्रभावी होगा जब संविदाकारी पक्ष एक-दूसरे को अपनी संवैधानिक प्रक्रिया पूरी कर लेने के बारे में अधिसूचित कर चुकेंगे।

2. इस करार के अनुबंध मे आशोधनों पर संविदाकारी पक्षों के वैमानिकी प्राधिकारियों के बीच सीधे सहमति हो सकती है तथा सहमति की तारीख से वे प्रभावी होंगे।

3. यदि वायु परिवहन से संबंधित कोई सामान्य बहुपक्षीय अभिसमय निष्पादित किया जाता है जो दोनों संविदाकारी पक्षों पर बाध्यकारी हो तो इस करार को इस प्रकार आशोधित किया जाएगा कि यह ऐसे अभिसमय के प्रावधानों के अनुरूप हो जाए।

अनुच्छेद-18
विवादों का निपटान

1. सीधी बातचीत अथवा राजनयिक माध्यमों से न निपटाए जा सकने वाले, इस करार के निर्वचन अथवा अनुप्रयोग से संबंधित किसी भी विवाद को दोनों में से किसी भी संविदाकारी पक्ष के अनुरोध पर विवाचन अधिकरण को प्रस्तुत किया जाएगा ।

2. ऐसे मामले में, प्रत्येक संविदाकारी पक्ष एक-एक विवाचक (आर्बिट्रेटर) नामित करेगा और

ये दोनों विवाचक एक अध्यक्ष नियुक्त करेंगे जो किसी तीसरे राज्य का राष्ट्रिक होगा। यदि दोनों में से एक संविदाकारी पक्ष द्वारा अपना विवाचक नामित कर देने के बाद दो माह के अंदर दूसरे संविदाकारी पक्ष ने अपना विवाचक नामित नहीं किया हो अथवा दूसरे विवाचक के नामन के पश्चात एक माह के अंदर दोनों विवाचक अध्यक्ष की नियुक्ति पर सहमत न हुए हों तो अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन की परिषद के अध्यक्ष से अनुरोध किया जा सकता है कि वह आवश्यक नामनों पर कार्रवाई करें। यदि परिषद का अध्यक्ष किसी भी संविदाकारी पक्ष का राष्ट्रिक हो तो परिषद के उपाध्यक्षों में से किसी एक से जो किसी तीसरे राज्य का राष्ट्रिक हो, आवश्यक नामनों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया जा सकता है।

3. विवाचन अधिकरण अपनी स्वयं की प्रक्रिया निर्धारित करेगा तथा प्रक्रिया की लागत के वितरण के बारे में निर्णय लेगा ।

4. संविदाकारी पक्ष विवाचन अधिकरण के निर्णय का अनुपालन करेंगे ।

अनुच्छेद-19
समाप्त करना

1. कोई भी संविदाकारी पक्ष किसी भी समय इस करार को समाप्त करने के अपने निर्णय का लिखित नोटिस दूसरे संविदाकारी पक्ष को दे सकता है। ऐसे नोटिस की सूचना साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन को भी भेजी जाएगी।

2. यदि नोटिस इस अवधि की समाप्ति से पूर्व परस्पर सहमति से वापस ले लिया जाए तो यह करार नोटिस प्राप्त होने की तिथि से बारह (12) महीने बाद समाप्त हो जाएगा।

3. दूसरे संविदाकारी पक्ष से नोटिस प्राप्त हो जाने की अभिस्वीकृति न मिल पाने की स्थिति में अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन को इसे प्राप्त होने की तारीख से चौदह (14) दिन बाद इसे प्राप्त हुआ मान लिया जाएगा।

अनुच्छेद-20
अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन में पंजीयन

यह करार तथा इसके सभी संशोधन अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन में पंजीकृत कराए

सत्यमेव जयते

जाएंगे।

अनुच्छेद-21
प्रवर्तन में आना

यह करार इस पर हस्ताक्षर होने की तारीख से अनंतिम रूप से लागू हो जाएगा तथा दोनों संविदाकारी पक्षों के बीच विमान सेवाओं से संबंधित 24 जून, 1949 के अनंतिम करार के अनुप्रयोग की प्रयोज्यता समाप्त हो जाएगी। जब दोनों संविदाकारी पक्ष एक-दूसरे को यह अधिसूचित कर देंगे कि अंतरराष्ट्रीय करारों के निष्पादन और प्रवर्तन में आने के संबंध में उन्होंने अपनी संवैधानिक औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं, यह करार प्रवर्तन में आ जाएगा।

प्रवर्तन में आ जाने पर यह करार दोनों संविदाकारी पक्षों के बीच हुए विमान सेवाओं से संबंधित 24 जून, 1949 के अनंतिम करार का अधिक्रमण कर देगा।

जिसके साक्ष्य में, अपनी-अपनी सरकारों द्वारा विधिवत्‌रूप से प्राधिकृत होने के कारण अधोहस्ताक्षरियों ने इस करार पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

.......बर्न.......में दिनांक....2-7-2001....को हिन्दी, फ्रांसीसी और अंग्रेजी भाषाओं में प्रत्येक की दो-दो प्रतियों में निष्पादित किया गया जिसके सभी पाठ समान रूप से प्रामाणिक हैं। कोई मतभेद होने पर अंग्रेजी पाठ प्रवृत्त होगा।

कृते भारत गणराज्य सरकार

कृते स्विस संघीय परिषद्

सत्यमेव जयते

अनुबंध

खण्ड-1

भारत सरकार द्वारा नामित विमानकंपनी {कंपनियां} निम्नलिखित मार्गों पर सहमत सेवाएं प्रचालित करने के लिए हकदार होंगीः-

मार्ग-1

उद्गम स्थल	मध्यवर्ती स्थल	गंतव्य स्थल	परे के स्थल
भारत में स्थल	पाकिस्तान,अफगानिस्तान, ओमान, शारजाह, दुबई, आबू-धाबी, कातर, बहरीन, कुवैत, सऊदी अरेबिया, इरान, इराक, जोरदन, सीरिया, लेबनान, अरब रिपब्लिक ऑफ इजीप्ट, इसराएल, साइप्रस ग्रीस, तुर्की, मास्को, बुलगारिया, रोमानिया, हंगरी, इटली, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस	जेनेवा या ज्यूरिख	मैड्रिड, किजेख गणराज्य, स्लोवाक गणराज्य, फ्रांस, बेलजियम, नीदरलैंड, जर्मनी, नार्वे, डेनमार्क, स्वीडन, यूनाइटेड किंगडम, इंगलैंड, कनाडा, यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका, दक्षिण या सेन्ट्रल अमेरिका में दो स्थल ।

मार्ग-2

उद्गम स्थल	मध्यवर्ती स्थल	गंतव्य स्थल	परे के स्थल
भारत में स्थल	-	बासले	-

सत्यमेव जयते

खण्ड-2

स्विस संघीय परिषद द्वारा नामित विमानकंपनी ≬कंपनियां≬ निम्नलिखित मार्गों पर सहमत सेवाएं प्रचालित करने की हकदार होंगीः-

मार्ग-1

उद्‌गम स्थल	मध्यवर्ती स्थल	गंतव्य स्थल	परे के स्थल
स्विटजरलैंड में स्थल	ऑस्ट्रिया, इटली, हंगरी, रोमानिया, बुलगारिया, तुर्की यूनान, साइप्रस, मिस्र, अरब गणराज्य, इजराइल, लेबनान, सिरिया, जोर्डन, इराक, ईरान, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान	मुम्बई या दिल्ली	≬क≬ म्यांमार, थाईलैंड, वियतनाम फिलिपिन्स, चीन में दो स्थल, सियोल, जापान ≬ख≬ म्यांमार अथवा श्रीलंका, इंडोनेशिया, न्यू गुयाआना, थाइलैंड, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, मलेशिया

मार्ग-2

उद्‌गम स्थल	मध्यवर्ती स्थल	गंतव्य स्थल	परे के स्थल
स्विट्जरलैंड में स्थल	-	कलकत्ता	-

खण्ड-3

(क) यदि नामित विमानकंपनी चाहे तो किसी भी निर्दिष्ट मार्ग पर स्थलों को किसी भी अथवा सभी उड़ानों पर छोड़ा जा सकता है।

(ख) यदि उड्डयित मार्ग उचित रूप से सीधा न हो तो किसी भी निर्दिष्ट मार्ग पर स्थलों को आवश्यक रूप से उसी क्रम में सेवित करने की आवश्यकता नहीं है जिस क्रम में उन्हें निर्दिष्ट किया गया है।

(ग) जब मार्ग अनुसूची में दो स्थलों के बीच शब्द "अथवा" का प्रयोग किया गया हो तो इसका अर्थ होगा कि दोनों ही स्थलों को सेवित किया जा सकता है किन्तु एक ही सेवा में नहीं।

(घ) प्रत्येक नामित विमानकंपनी खंड-1 और खंड-2 में उल्लिखित न किये गये स्थलों को इस शर्त पर सेवित कर सकती है कि इन स्थलों और दूसरे संविदाकारी पक्ष के राज्यक्षेत्र के बीच कोई यातायात अधिकार प्रयोग नहीं किए जाते हैं। ऐसे मामले में संबंधित विमानकंपनी ऐसे प्रचालन शुरू करने से कम से कम 30 दिन पूर्व उचित वैमानिकी प्राधिकारी को सूचित करेगी।

सत्यमेव जयते

ACCORD

ENTRE

LE CONSEIL FEDERAL SUISSE

ET

LE GOUVERNEMENT DE LA REPUBLIQUE DE L'INDE

RELATIF AU TRAFIC AERIEN DE LIGNES

La Confédération Suisse et la République de l'Inde

étant parties à la Convention relative à l'aviation civile internationale, ouverte à la signature à Chicago le 7 décembre 1944,

Article premier Définitions

1. Pour l'application du présent Accord et de son Annexe:

   a. l'expression "Convention" signifie la Convention relative à l'aviation civile internationale, ouverte à la signature à Chicago le 7 décembre 1944, et inclut toute annexe adoptée conformément à l'article 90 de cette Convention et tout amendement aux annexes ou à la Convention, conformément aux articles 90 et 94, pour autant que ces annexes et amendements sont applicables pour les deux Parties Contractantes;

   b. l'expression "autorités aéronautiques" signifie, en ce qui concerne la Suisse, l'Office fédéral de l'aviation civile et, en ce qui concerne l'Inde, le Directeur général de l'Aviation civile ou, dans les deux cas, toute personne ou tout organisme autorisé à exercer les fonctions qui sont actuellement attribuées aux dites autorités;

   c. l'expression "entreprise désignée" signifie une entreprise de transport aérien que l'une des Parties Contractantes a désignée, conformément à l'article 3 du présent Accord, pour exploiter les services aériens convenus;

   d. les expressions "territoire", "service aérien", "service aérien international" et "escale non commerciale" ont la signification qui leur est donnée par les articles 2 et 96 de la Convention;

   e. L'expression "tarif" signifie les prix qui doivent être payés pour le transport des passagers, des bagages et des marchandises, et les conditions dans lesquelles ils s'appliquent, y compris les commissions et autres rémunérations supplémentaires pour l'émission ou la vente de titres de transport, excepté les rémunérations et conditions relatives au transport des envois postaux;

2. L'Annexe du présent Accord fait partie intégrante du celui-ci. Toute référence à l'Accord concerne également l'Annexe, à moins qu'une disposition contraire ne le prévoie expressément.

Article 2 Octroi de droits

1. Chaque Partie Contractante accorde à l'autre Partie Contractante les droits spécifiés au présent Accord en vue d'exploiter des services aériens sur les routes spécifiées aux tableaux figurant à l'Annexe. Ces services et ces routes sont dénommés ci-après "services convenus" et "routes spécifiées".

2. Sous réserve des dispositions du présent Accord, l'entreprise désignée de chaque Partie Contractante jouira des droits suivants:

   a. le droit de survoler, sans y atterrir, le territoire de l'autre Partie Contractante;

   b. le droit de faire des escales non commerciales sur ledit territoire;

   c. durant l'exploitation d'un service convenu sur une route spécifiée:

Article 3 Désignation et autorisation d'exploitation

1. Chaque Partie Contractante aura le droit de désigner au plus deux entreprises de transport aérien pour exploiter les services convenus. Cette désignation fera l'objet d'une notification écrite entre les autorités aéronautiques des deux Parties Contractantes.

2. Sous réserve des dispositions des chiffres 3 et 4 du présent article, les autorités aéronautiques qui ont reçu la notification de désignation accorderont sans délai à l'entreprise désignée par l'autre Partie Contractante l'autorisation d'exploitation nécessaire.

3. Les autorités aéronautiques d'une Partie Contractante pourront exiger que l'entreprise désignée par l'autre Partie Contractante prouve qu'elle est à même de satisfaire aux conditions prescrites par les lois et règlements normalement appliqués par lesdites autorités, qui régissent l'exploitation des services aériens internationaux, conformément aux dispositions de la Convention.

4. Chaque Partie Contractante aura le droit de refuser d'accorder l'autorisation d'exploitation prévue au chiffre 2 du présent article ou d'imposer telles conditions qui lui semblent nécessaires pour l'exercice des droits spécifiés à l'article 2 du présent Accord, lorsque ladite Partie Contractante ne possède pas la preuve qu'une part prépondérante de la propriété et le contrôle effectif de cette entreprise appartiennent à la Partie Contractante désignant l'entreprise ou à ses ressortissants.

5. Dès réception de l'autorisation d'exploitation prévue au chiffre 2 du présent article, l'entreprise désignée pourra à tout moment exploiter tout service convenu, à condition que des tarifs aient été établis conformément aux dispositions de l'article 13 du présent Accord et que les horaires aient été approuvés conformément aux dispositions de l'article 14 du présent Accord.

Article 4 Révocation et suspension de l'autorisation d'exploitation

1. Chaque Partie Contractante aura le droit de révoquer ou de suspendre une autorisation d'exploitation pour l'exercice des droits spécifiés à l'article 2 du présent Accord, par l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante, ou de soumettre l'exercice de ces droits aux conditions qu'elle jugera nécessaires, si:

   a. cette entreprise ne peut pas prouver qu'une part prépondérante de la propriété et le contrôle effectif de ladite entreprise appartiennent à la Partie Contractante désignant l'entreprise ou à des ressortissants de celle-ci, ou si

   b. cette entreprise n'a pas observé ou a gravement enfreint les lois et règlements de la Partie Contractante qui a accordé ces droits, ou si

   c. cette entreprise n'exploite pas les services convenus dans les conditions prescrites par le présent Accord.

2. Un tel droit ne pourra être exercé qu'après consultation avec l'autre Partie Contractante, à moins que la révocation, la suspension ou l'imposition des conditions prévues au chiffre 1 du présent article ne soient immédiatement nécessaires pour éviter de nouvelles infractions aux lois et règlements ou aux conditions du présent Accord.

Article 5 Exercice des droits

1. Les entreprises désignées bénéficieront de possibilités égales et équitables pour exploiter les services convenus entre les territoires des Parties Contractantes.

2. L'entreprise désignée de chaque Partie Contractante prendra en considération les intérêts de l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante, afin de ne pas affecter indûment les services convenus de cette dernière entreprise desservant tout ou partie de la même route.

3. Les services convenus fournis par des entreprises désignées des Parties Contractantes seront en étroite relation avec les besoins de transports publics sur les routes spécifiées et auront pour objectif essentiel d'offrir une capacité de transport avec un facteur de charge raisonnable correspondant à la demande pour le transport de passagers, de bagages, de marchandises et d'envois postaux entre les territoires des Parties Contractantes.

4. La capacité offerte pour le transport de passagers, de bagages, de marchandises et d'envois postaux qui seront embarqués ou débarqués aux points sur les routes spécifiées sur le territoire d'états qui n'ont pas désigné l'entreprise devra être fixée conformément aux principes généraux selon lesquels cette capacité est adaptée:

   a. à la demande de trafic en provenance et à destination du territoire de la Partie Contractante qui a désigné l'entreprise;

   b. à la demande de trafic des régions traversées par les services convenus, compte tenu des autres prestations de transport fournies par des entreprises d'états compris dans cette région, et

   c. aux exigences de l'exploitation d'un service long courrier.

5. Aucune Partie Contractante n'aura le droit de restreindre unilatéralement l'exploitation de l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante, sauf selon les termes du présent Accord ou à des conditions uniformes telles que les prévoit la Convention.

Article 6 Application des lois et règlements

1. Les lois et règlements d'une Partie Contractante régissant sur son territoire l'entrée et la sortie des aéronefs affectés à la navigation aérienne internationale ou les vols de ces aéronefs au-dessus dudit territoire s'appliqueront à l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante.

2. Les lois et règlements d'une Partie Contractante régissant sur son territoire l'entrée, le séjour et la sortie des passagers, équipages, bagages, marchandises ou envois postaux - tels que ceux qui concernent les formalités d'entrée, de sortie, d'émigration et d'immigration, la douane et les mesures sanitaires - s'appliqueront aux passagers, équipages, bagages, marchandises ou envois postaux transportés par les aéronefs de l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante pendant que ceux-ci se trouvent sur ledit territoire.

3. Aucune Partie Contractante n'aura le droit d'accorder de préférence à sa propre entreprise par rapport à l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante dans l'application des lois et règlements mentionnés au présent article.

Article 7 Sûreté de l'aviation

1. Conformément à leurs droits et obligations en vertu du droit international, les Parties Contractantes réaffirment que leur obligation mutuelle de protéger l'aviation civile contre les actes d'intervention illicite, pour en assurer la sûreté, fait partie intégrante du présent Accord. Sans limiter la généralité de leurs droits et obligations en vertu du droit international, les Parties Contractantes agissent en particulier conformément aux dispositions de la Convention relative aux infractions et à certains autres actes survenant à bord des aéronefs, signée à Tokyo le 14 septembre 1963, de la Convention pour la répression de la capture illicite d'aéronefs, signée à La Haye le 16 décembre 1970, et de la Convention pour la répression d'actes illicites dirigés contre la sécurité de l'aviation civile, signée à Montréal le 23 septembre 1971, du Protocole additionnel pour la répression des actes illicites de violence dans les aéroports servant à l'aviation civile internationale, signé à Montréal le 24 février 1988 et de toute autre convention ou protocole relatif à la sûreté de l'aviation civile auquel les Parties Contractantes adhéreront.

2. Les Parties Contractantes s'accordent mutuellement, sur demande, toute l'assistance nécessaire pour prévenir les actes de capture illicite d'aéronefs civils et autres actes illicites dirigés contre la sécurité de ces aéronefs, de leurs passagers et de leurs équipages, des aéroports et des installations et services de navigation aérienne, ainsi que toute autre

menace pour la sûreté de l'aviation civile.

3. Les Parties Contractantes, dans leurs rapports mutuels, se conforment aux dispositions relatives à la sûreté de l'aviation qui ont été établies par l'Organisation de l'aviation civile internationale et qui sont désignées comme Annexes à la Convention, dans la mesure où ces dispositions s'appliquent aux Parties Contractantes; elles exigent des exploitants d'aéronefs immatriculés par elles, ou des exploitants d'aéronefs qui ont le siège principal de leur exploitation ou leur résidence permanente sur leur territoire, et des exploitants d'aéroports situés sur leur territoire, qu'ils se conforment à ces dispositions relatives à la sûreté de l'aviation.

4. Chaque Partie Contractante convient que ces exploitants d'aéronefs peuvent être tenus d'observer les dispositions relatives à la sûreté de l'aviation dont il est question au chiffre 3 du présent article et que l'autre Partie Contractante prescrit pour l'entrée sur le territoire, la sortie du territoire ou le séjour sur le territoire de cette autre Partie Contractante. Chaque Partie Contractante veille à ce que des mesures adéquates soient appliquées effectivement sur son territoire pour protéger les aéronefs et pour assurer l'inspection des passagers, des équipages, des bagages à main, des bagages, du fret et des provisions de bord, avant et pendant l'embarquement ou le chargement. Chaque Partie Contractante examine aussi favorablement toute demande que lui adresse l'autre Partie Contractante en vue d'obtenir que des mesures spéciales de sûreté raisonnables soient prises pour faire face à une menace particulière.

5. En cas d'incident ou de menace d'incident de capture illicite d'aéronefs civils ou d'autres actes illicites dirigés contre la sécurité de ces aéronefs, de leurs passagers et équipages, des aéroports ou des installations et services de navigation aérienne, les Parties Contractantes s'entraident en facilitant les communications et en prenant toutes les mesures appropriées pour mettre fin avec rapidité et sécurité à cet incident ou à cette menace d'incident.

6. Chaque Partie Contractante prend les mesures qu'elle estime exécutables afin de garantir qu'un aéronef capturé illicitement ou qui a fait l'objet d'un autre acte illicite, et qui a atterri sur son territoire, soit retenu au sol jusqu'à ce que son décollage soit indispensable à cause de l'obligation d'ordre supérieur de protéger des vies humaines. De telles mesures seront prises

sur la base de pourparlers mutuels toutes les fois qu'elles sont exécutables

Article 8 Reconnaissance des certificats et des licences

1. Les certificats de navigabilité, les brevets d'aptitude et les licences délivrés ou validés par l'une des Parties Contractantes seront reconnus valables par l'autre Partie Contractante durant la période où ils sont en vigueur et à condition qu'ils soient conformes aux normes minimales établies par la Convention.

2. Chaque Partie Contractante se réserve cependant le droit de refuser de reconnaître valables, pour la circulation au-dessus de son propre territoire, les brevets d'aptitude et les licences délivrés à ses propres ressortissants ou validés par l'autre Partie Contractante ou par tout autre Etat.

Article 9 Droits de douane et redevances

1. Les aéronefs employés en service international par l'entreprise désignée d'une Partie Contractante, ainsi que leurs équipements normaux, leurs réserves de carburants et lubrifiants et leurs provisions de bord (y compris les denrées alimentaires, les boissons et les tabacs) seront exonérés, à l'entrée dans le territoire de l'autre Partie Contractante, de tous droits de douane, taxes d'inspection ou redevances similaires, à condition que ces équipements, réserves et provisions demeurent à bord des aéronefs jusqu'à leur réexportation.

2. Seront également exonérés de ces mêmes droits, taxes et redevances, à l'exception des redevances perçues en raison de services rendus:

   a. les carburants et lubrifiants destinés au ravitaillement des aéronefs employés en service international par l'entreprise désignée d'une Partie Contractante, même lorsque ces approvisionnements doivent être utilisés sur la partie du trajet effectuée

au-dessus du territoire de la Partie Contractante sur lequel ils sont été embarqués.

b. les provisions de bord embarquées sur le territoire d'une Partie Contractante dans les limites fixées par les autorités de ladite Partie Contractante et destinées à la consommation à bord des aéronefs employés en service international par l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante;

c. les pièces de rechange importées sur le territoire d'une Partie Contractante pour l'entretien ou la réparation des aéronefs employés en service international;

3. Les équipements normaux de bord, les provisions, les réserves de carburant et de lubrifiant, ainsi que les pièces de rechange se trouvant à bord des aéronefs employés en service international par l'entreprise désignée d'une Partie Contractante ne pourront être déchargés sur le territoire de l'autre Partie Contractante qu'avec le consentement des autorités douanières de ce territoire. En ce cas, ils pourront être placés sous la surveillance desdites autorités jusqu'à ce qu'ils soient réexportés ou aient reçu une autre destination conformément aux règlements douaniers.

4. Pendant qu'ils se trouvent sur le territoire de l'autre Partie Contractante, nul ne pourra disposer, sans l'autorisation des autorités douanières de cette Partie Contractante, des équipements, provisions et autres matériels qui sont généralement exonérés des droits de douane et redevances conformément aux chiffres ci-dessus.

5. Les exemptions prévues au présent article seront également applicables lorsque l'entreprise désignée d'une Partie Contractante a conclu des arrangements avec une ou plusieurs entreprises sur la location ou le transfert, dans le territoire de l'autre Partie Contractante, des articles spécifiés aux chiffres 1 et 2 du présent article, à condition que ladite ou lesdites entreprises bénéficient pareillement de telles exemptions de cette autre Partie Contractante.

Article 10 Taxes d'utilisation

1. Chaque Partie Contractante s'efforcera de veiller à ce que les taxes d'utilisation qui sont imposées ou qui peuvent être imposées par ses autorités compétentes à l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante soient équitables et raisonnables. Ces taxes seront fondées sur des principes de saine économie.

2. Les taxes pour l'utilisation des aéroports, des installations et des services de navigation aérienne offertes par une Partie Contractante à l'entreprise désignée de l'autre Partie Contractante ne seront pas supérieures à celles qui doivent être payées par ses aéronefs nationaux affectés à des services internationaux réguliers.

3. Chaque Partie Contractante favorisera les consultations entre ses autorités compétentes en matière de redevances et les entreprises utilisant les équipements et services fournis par lesdites autorités et, autant que possible, par le biais des organisations représentant les entreprises. Toute proposition visant à modifier les redevances d'utilisation sera communiquée aux usagers dans un délai raisonnable afin de permettre à ceux-ci de donner leur avis avant que les modifications ne soient mises en vigueur.

Article 11 Activités commerciales

1. L'entreprise désignée d'une Partie Contractante aura le droit de maintenir des représentations adéquates sur le territoire de l'autre Partie Contractante. Ces représentations pourront inclure du personnel commercial, opérationnel et technique, pouvant être composé de personnes transférées ou engagées sur place.

